खूब भाया लड्डू,चना, और मूंगफली, बच्चों के साथ सीएम ने बिताया समय

सर्वांगीण विकास की पाठशाला आंगनवाड़ी, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बच्चों से किया संवाद-सीएम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए उज्जैन पहुंचे। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पुलिस विभाग में पदोन्नत अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस बैंड की धुन के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने पदोन्नत पुलिसकर्मियों को स्टार लगाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों की मनपसंद खाद्य सामग्री का वितरण किया। जिसमें मूंगफली चना और लड्डू शामिल रहे।

इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सदावल स्थित स्वेज फार्म सक्षम आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे आत्मीय संवाद किया, उनकी पढ़ाई, खेलकूद और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा बच्चों को दुलार करते हुए झूला भी झुलाया। बच्चों ने गुलाब का फूल भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को लड्डू, चना और मूंगफली के पैकेट वितरित किए तथा उनके साथ समय बिताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल का स्थान नहीं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की पाठशाला हैं। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बेहतर पोषण, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर टीकाकरण तथा खेल-खेल में सीखने का वातावरण उपलब्ध कराना है।

पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन-यह रहे मौजूद

कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित पौष्टिक खाद्य सामग्री, स्थानीय पोषण उत्पादों और जनजागरूकता गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि कुपोषण मुक्त मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने में ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में आम, पीपल, बरगद, नीम, सुरजना और जामफल के पौधे लगाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, महापौर मुकेश टटवाल, कलावती यादव, रवि सोलंकी, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

हित लाभ वितरण

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र प्रदान किए तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की पात्र महिलाओं को हितलाभ वितरित किया। उन्होंने हितग्राही बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर नव-नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं तथा पदोन्नत अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने स्वागत उद्बोधन दिया।

युवाओं में कौशल व उद्यमिता को निखारने के लिए लीडरशिप कोहोर्ट आज से

उज्जैन। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं में कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय लीडरशिप कोहोर्ट 2026 आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माधव भवन स्थित शलाका दीर्घा में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से होगा। इसका आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर और सविष्कार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

इस वर्ष लीडरशिप कोहोर्ट की थीम कौशल से आत्मनिर्भरता, नवाचार से प्रगति, नेतृत्व से राष्ट्र निर्माण रखी गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप संस्थापकों और युवा उद्यमियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे भविष्य के कौशल व नेतृत्व क्षमता को समझ सकें और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

प्रथम दिन फ्यूचर स्किल्स, कल्चर सत्र

प्रथम दिन फ्यूचर स्किल्स, इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, लीडरशिप डेवलपमेंट और स्टार्टअप कल्चर पर सत्र होंगे। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह युवाओं को बदलते वैश्विक परिदृश्य, करियर के नए अवसर और उद्यमिता की संभावनाओं पर मार्गदर्शन देंगे। दूसरे दिन 17 जुलाई को सम्राट विक्रमादित्य स्टार्टअप समिट का आयोजन होगा। इसमें डॉ. अनु सिंह मौजूद रहेंगी। इस दौरान स्टार्टअप इकोसिस्टम, नवाचार, निवेश, नेतृत्व और उद्योग-अकादमिक सहयोग पर विशेष सत्र होंगे। इससे संभावित सहयोग के अवसर मिलेंगे।

एक नजर में

दौलतगंज डॉमिनेटर्स ने जीता खिताब

उज्जैन। शलाका बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित आरके दुबे मेमोरियल ट्रॉफी शलाका प्रीमियर लीग 2026 का खिताब दौलतगंज डॉमिनेटर्स ने अपने नाम कर लिया है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में दौलतगंज डॉमिनेटर्स ने बेस्ट ऑफ 5 में श्रीगंगा स्मैशर्स को 3-1 से हराकर विजय प्राप्त की। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद संत उमेश नाथ, अतिथि सीताराम गुप्ता और अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जुलाई तक किया गया। जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट्स एसोसिएशन की टीम दौलतगंज डॉमिनेटर्स, श्री गंगा उज्जैन की टीम श्रीगंगा स्मैशर्स, जेके हॉस्पिटल की टीम जेके ब्लास्टर्स, होटल पार्क पैलेस जायसवाल पैंथर्स और बीके यादव स्पार्टस शामिल थीं। आयोजन का संपूर्ण प्रबंधन अंकित श्रीवास्तव, कुणाल रोहरा और नमिता अग्रवाल द्वारा किया गया। डियर डायनामिक्स के साहिल मेहता मीडिया पार्टनर के रूप में जुड़े और आयोजन समिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजय भार्गव ने बताया कि आयोजन के दौरान कात्यायन मिश्र, दिलीप धनवानी, विजय भार्गव और आशीष जैन मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में अजय रोहरा, विनोद रोचलानी, रमन जायसवाल, सूरज सामधानी, हर्ष गुप्ता, वीएस रघुवंशी, ओंकार पाल, कपिल पंड्या, अनुज दुबे, मनमीत सिंह साहनी और सचिन रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

औषधीय पौधों का किया रोपण

उज्जैन। मंगलनाथ मार्ग पर स्थित शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. ओपी व्यास की उपस्थिति में 15 जुलाई को लगभग 200 से अधिक औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ शिक्षक अधिकारीगण डॉ. नृपेन्द्र मिश्र, डॉ. अजय कीर्ति जैन, डॉ. नरेश जैन, डॉ. योगेश वाणे, डॉ. निरंजन सराफ, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. रामतीर्थ शर्मा उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर औषधीय पौधों से संबंधित जानकारी द्रव्यगुण विभाग के वरिष्ठ शिक्षक अधिकारीगणों, डॉ. सुनीता डी राम, डॉ. शिरोमणि मिश्रा, डॉ. शिव कुमार मिश्रा, डॉ. रविंद्र शर्मा, डॉ. नेहा चलमेला द्वारा प्रदान की गई। जानकारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी।

उज्जैन की अनन्या सक्सेना बनीं टॉपर

उज्जैन। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट (सीएसईईटी) जून 2026 सत्र का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और राज्य का उत्तीर्ण प्रतिशत 74.05 दर्ज किया गया। उज्जैन केंद्र से अनन्या सक्सेना ने 67.75 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। उज्जैन केंद्र की मेरिट में अश्मिता गर्ग 67.50 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और दिव्यांशी नागर 53.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यार्थी अपना परिणाम और विषयवार अंक संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईसीएसआई डॉट ईडीयू पर देख सकते हैं।

कोतवाली पुलिस ने शुरू की ठगी करने वाले ईरानी बदमाश से पूछताछ

उज्जैन। पुलिसकर्मी बनकर साथियों के साथ उज्जैन में आभूषण ठगी की 2 वारदात को अंजाम देने वाले ईरानी बदमाश को अब कोतवाली थाना पुलिस ने 3 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया है। बदमाश का एक साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था, उसके 2 साथी अब भी फरार है।

जुलाई 2025 में कोतवाली थाना क्षेत्र नगर निगम के सामने बाइक से आये दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सतीश कुमार पिता माणकलाल गुप्ता 66 वर्ष निवासी ऋषिनगर को रोक खुद को पुलिसकर्मी बताते हुये लूटपाट और स्नेचिंग होने का झांसा देकर गले से सोने की चेन, पेंडल, तीन अंगूठी व सोने का ब्रेसलेट उतार लिया था और कागज की पुड़िया में बांधकर वापस देने के बाद फरार हो गये थे। पुड़िया में आभूषण गायब मिले थे। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। दोनों बदमाशों ने उसी दिन नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत बिहार में रहने वाली आशा अडवानी 60 वर्ष के साथ कालापत्थर पर पुलिसकर्मी बनकर आभूषण ठगी को अंजाम दिया था। सालभर बाद आभूषण ठगी में शामिल एक बदमाश हुसैनी पिता फैय्याज सैय्यद 45 वर्ष निवासी खड़कपाडा महाराष्ट्र मुम्बई पुलिस की गिरफ्त में आया है। नानाखेड़ा पुलिस उसे प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लाई थी। जिसे रिमांड पर लिया गया था। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोतवाली थाना पुलिस अपने क्षेत्र में हुई वारदात के संबंध में पूछताछ के लिये 3 दिनों के प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर गई है। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि रिमांड पर लिये गये आरोपी के 2 साथी फरार है, जो मुम्बई के रहने वाले है। चारों ने साथ मिलकर उज्जैन में 2 वारदातों को अंजाम दिया था।

निर्माणाधीन मंछामन मल्टी में बदमाशों ने किया पथराव

▶ ठेकेदार से मांगे शराब के रुपए, दो मजदूर घायल

उज्जैन। निर्माणाधीन मंछामन मल्टी में बुधवार दोपहर कुछ बदमाशों द्वारा ठेकेदार से शराब के रुपए मांगे गए नहीं देने पर बदमाशों ने पथराव कर दिया। दो मजदूर घायल हुआ है और ठेकेदार की गाड़ी के शीशे फूट गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है।

जयपुर के रहने वाले नंदकिशोर बर्मन ने प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रही मंछामन मल्टी का ठेका लिया है। मल्टी का निर्माण अंतिम चरण में है। कुछ दिनों से यहां बदमाशों द्वारा मजदूरों के साथ अभद्रता की जा रही थी। बुधवार दोपहर को एकता नगर में रहने वाला बदमाश कुलदीप बड़े अपने कुछ साथियों के साथ मल्टी पर पहुंचा और ठेकेदार नंदकिशोर से शराब पीने के रुपए मांगने लगा। उसका कहना था कि यहां ठेकेदारी करना है तो शराब के रुपए देना होंगे। ठेकेदार ने मना किया तो बदमाशों ने पथराव शुरू कर दिया। पत्थरबाजी में मजदूर मेहरबान और इरशाद घायल हो गए। यही नहीं सहा ठेकेदार शकीरा पटेल की चार पहिया गाड़ी के शीशे भी फूट गए। हंगामा बढ़ता देख मल्टी में काम करने वाले सभी मजदूर एकत्रित हुए तो बदमाश ठेकेदार को धमकी देकर भाग निकले। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस पहुंची, ठेकेदार की शिकायत पर एकता नगर निवासी बदमाश कुलदीप बड़े और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। बदमाशों के घर पर पुलिस दबिश दे रही थी सभी फरार थे पुलिस परिजनों से पूछताछ कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

अभी चौड़ीकरण स्थल पर पौधे नहीं रोपें

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देश अनुसार उज्जैन को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अमृत हरित महा अभियान के तहत 10 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत शहर में प्रतिदिन वार्ड अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा उद्यान विभाग के प्रभारी सदस्य कैलाश प्रजापत, अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में वर्तमान तक किए गए पौधारोपण से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि पौधारोपण करते समय वार्ड अंतर्गत आने वाले पार्षदों को अवगत कराते हुए उनकी उपस्थिति में पौधारोपण करवाया जाए। ऐसे स्थलों पर पौधे रोपित किए जाएं जहां पौधों को नुकसान न पहुंचे एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। महापौर ने उद्यान विभाग की बैठक में निर्देशित किया कि जोन अनुसार जो पौधे रोपित किए गए हैं उसकी जानकारी, सामाजिक संस्थाओं के द्वारा लगाए गए पौधों की जानकारी, नगर निगम द्वारा लगाए गए पौधे की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही जिन क्षेत्रों में मार्ग चौड़ीकरण के कार्य प्रचलित एवं प्रस्तावित है साथ ही जहां पर एलिवेटेड ब्रिज बनना प्रस्तावित है। वहां पर पौधारोपण नहीं करें और जहां पर किए गए हैं उन्हें विस्थापित करने का कार्य करें, साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ पौधारोपण करते हुए हरित अभियान को सफल बनाएं। बैठक में प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, जोनल अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा, सुनील जैन, जितेंद्र पाल सिंह जादौन, राकेश वास्कले, उपयंत्री एवं उद्यान दरोगा उपस्थित रहे।

होटल की चौथी मंजिल से गिरा मजदूर, रात में हुई मौत

▶ विक्रमगढ़ आलोट के भुजाखेड़ी के रहने वाला रामा पिता नारायण

उज्जैन। निर्माणाधीन होटल की चौथी मंजिल से गिरकर घायल हुए मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी रात में मौत हो गई। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली कि विक्रमगढ़ आलोट स्थित ग्राम भुजाखेड़ी के रहने वाले रामा पिता नारायण बागरी 28 साल को ऊंचाई से गिरने पर घायल होने के बाद उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जिसकी रात में मौत हो गई है। अस्पताल की सूचना पर मामले में मर्ग कायम किया गया। प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली कि मृतक रामा इंदौर रोड स्थित निजी अस्पताल के पास ताज नाम से बन रही होटल पर मजदूरी का काम करने कुछ दिनों पहले आया था। मंगलवार शाम को होटल की चौथी मंजिल से गिर गया था। पुलिस के अनुसार फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

नाबालिग के वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। माकड़ोन थाना क्षेत्र में रहने वाले हुसैन पिता शाकीर अली निवासी ग्राम केसवाल की कुछ महीनो पहले सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर नाबालिग से पहचान हुई थी। उसने नाबालिग को अपनी बातों में फंसा लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से ही उसके फोटो वीडियो प्राप्त कर लिया। जिन्हें एडिट कर अश्लील बनाकर नाबालिग को भेज और मिलने का दबाव बनाने लगा। नाबालिग के मिलने से इनकार करने पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। नाबालिग ने पुलिस को शिकायत करने की बात कही तो उसने फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने पास्को अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की, 2 दिन बाद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया।

शराब ने फांसी लगाई

नलिया बाखल में रहने वाले सोनू पिता कैलाश प्रजापति 43 साल ने मंगलवार शाम घर की ऊपरी मंजिल पर फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के लोग अमावस्या की पूजा करने गए थे। सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे पर लटके युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बुधवार सुबह परिजनों ने बताया कि सोनू शराब पीने का आदी था दो दिन पहले उसने पत्नी और दो बच्चों से विवाद कर उन्हें घर से निकाल दिया था। पत्नी बच्चों को लेकर मायके महाराष्ट्र चली गई थी। पुलिस के अनुसार संभवत नशे में उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

उज्जैन के पं. अजय व्यास ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड से सम्मानित

2000 से अधिक लोगों ने लिया नि:शुल्क परामर्श, देशभर के विशेषज्ञ हुए शामिल

उज्जैन। महर्षि दैवज्ञ चंडू जयंती के अवसर पर आयोजित विशाल नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में उज्जैन के ज्योतिर्विद पंडित अजय कृष्ण शंकर व्यास को ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र, श्याम भक्ति सेवा संस्थान और मारवाड़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जोधपुर में आयोजित इस शिविर में 2 हजार से अधिक लोगों ने विभिन्न ज्योतिषीय विधाओं का नि:शुल्क लाभ उठाया।

अध्यक्षता गोपाल कृष्ण व्यास ने की। मुख्य अतिथि एमएल गर्ग और विशिष्ट अतिथि आशीष मिश्रा रहे। इस अवसर पर अरुण माहेश्वरी, अरुणा सांखला, राजीव गौड़ सहित क्लब की टीम और श्याम भक्ति सेवा संस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में आमजन ने जन्मपत्री, वास्तु, अंक ज्योतिष, हस्तरेखा और टैरो कार्ड विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। आयोजन संयोजक पं. एसके जोशी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की ज्योतिषीय जिज्ञासाओं का समाधान किया। संचालन अंशु हर्ष ने किया।

समिति के सदस्य हुए सम्मानित

शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले देशभर के ज्योतिष विशेषज्ञों को भी ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड प्रदान किया गया। इनमें वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य घनश्याम द्विवेदी के साथ दिल्ली, उज्जैन, सीकर, प्रतापगढ़, बीकानेर, मेड़ता और रायचूर कर्नाटक से आए ज्योतिषाचार्य शामिल रहे। इसके किशोर सिंह पंवार, लक्की गोयल, मुकेश हर्ष, भवानी सिंह राजपुरोहित एवं प्रवीण सिंह राजपुरोहित को भी सम्मानित किया गया।

एनडीआरएफ ने किया पौधारोपण

उज्जैन। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत उज्जैन जिले के शिप्रा विहार पार्क में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी वाराणसी के बचावकर्मियों ने नगर निगम उज्जैन के कार्मिकों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर एनडीआरएफ के जवानों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार एवं आमजन में पौधारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। एनडीआरएफ टीम ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।

हर्ष उल्लास और आभार से मनाया कार्मल डे

प्राचार्य ने सभी को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी कार्मल डे की

उज्जैन। कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्मल डे मनाया। इस कार्यक्रम में कार्मल परिवार की भावना को दर्शाने वाला एक अर्थपूर्ण नाटक, मधुर गीत और शानदार नृत्य शामिल थे। ममता लोहानी, संगीता डुमीर और श्रीमती बबली की 25 वर्षों की समर्पित सेवा के सम्मान में उनकी सिल्वर जुबली मनाई गई। मुख्य अतिथि डॉ. फादर जॉन कोंडूपेरंबिल ने कक्षा 10 वीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को कार्मल छात्रवृति और कक्षा 12 वीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को संत चावरा युक्रेशिया छात्रवृति प्रदान की। कार्मल अरोरा नाम से स्कूल की 2025-26 की विद्यालय पत्रिका का विमोचन किया। प्राचार्या सिस्टर कृपा ने कार्मल डे की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जिससे यह उत्सव पूरे स्कूल के लिए एक यादगार अवसर बन गया।

गुप्त नवरात्रि प्रारंभ ▶ नौ दिन विशेष कामना पूर्ति हेतु चलेंगे गुप्त हवन-पूजन व अनुष्ठान

गुप्त नवरात्रि शुरू, हरसिद्धि, गढ़कालिका में आरती, हजारों श्रद्धालु उमड़े

उज्जैन। आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि बुधवार से शुरू हो गई। नवरात्रि के पहले दिन ही शक्तिपीठ हरसिद्धि व सिद्धपीठ मां गढ़कालिका के दरबार में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचने लगे तो विशेष मनोकामना पूर्ति के लिए पंडितों से गुप्त अनुष्ठान कराने लगे।

हरसिद्धि में सुबह अभिषेक-पूजन कर मां का दिव्य श्रृंगार किया गया। वहीं गढ़कालिका मंदिर में सुबह 10 बजे ढोल-नगाड़ों के बीच शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने महाआरती की। इसके पूर्व यहां भी मां का अभिषेक-पूजन श्रृंगार कर फलों व मिठाई का भोग लगाया गया। आरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में सजावट की गई। दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम 7 बजे भी महाआरती संपन्न हुई। हरसिद्धि में दीपमालाएं प्रज्जवलित की गई तो गढ़कालिका मंदिर में श्रद्धालुओं ने कुमकुम पूजा भी कराई।

शैव व वैष्णव संतों का मिलन-उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर पर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में सिंहस्थ महापर्व के पहले शैव एवं वैष्णव संत-महंतों का अद्भुत मिलन हुआ। सभी ने मां के दरबार में एकत्रित होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मंदिर प्रांगण में पौधे रोपे और एक साथ बैठकर धर्म व अध्यात्म पर चर्चा करते हुए एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी भी ग्रहण की। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने उज्जैन में सभी संतों को एक किया तो योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने इस खुशी में विशेष भोज देकर साधु-संतों का मिलन समारोह रखा।

मंगलनाथ में 4.82 लाख रुपये की आय प्राप्त

उज्जैन। श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि शिप्रा तट स्थित भगवान श्री मंगलनाथ जी के मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का सतत आगमन हो रहा है। गत 14 जुलाई को भौम अमावस्या पर प्रात: 7 बजे की आरती के बाद दोपहर 3.30 बजे तक निर्धारित समयावधि में भात पूजन एवं अन्य पूजनों के लिए यजमानों की निरंतर भीड़ लगी रही। इस माह मंगलवार के साथ भौम अमावस्या का संयोग होने के कारण भूमि प्राप्ति, मंगल दोष निवारण एवं समस्त रोग निवारण जैसी कामनाओं को लेकर श्रद्धालुओं, यजमानों की विशेष भीड़ देखने को मिली। मंदिर के विद्वान पंडितगणों एवं आचार्यगणों द्वारा सभी पूजनों को पूर्ण विधान के साथ संपन्न कराया गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के सक्षम नेतृत्व एवं एडीएम, अध्यक्ष तथा तहसीलदार, सचिव, मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में 14 जुलाई को 2300 शासकीय रसीदें काटी गईं, जिनसे रुपए 4,82,500 चार लाख बयासी हजार पांच सौ मात्र की आय प्राप्त हुई। प्रशासक केके पाठक ने बताया कि मंदिर में आने वाले दिव्यांग एवं असहाय श्रद्धालुओं को कर्मचारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ व्हीलचेयर सहायता प्रदान कर श्री मंगलनाथ जी के सुलभ दर्शन कराए गए।